# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 19.06.2026

**1.थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा लग्जरी वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 लग्जरी कार, 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 19.06.2026** को थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से लग्जरी वाहन चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 चोर 1.नीरज शर्मा पुत्र अमरपाल शर्मा 2.अजय सरकार पुत्र सुभाष सरकार को खरगोश पार्क के पास सेक्टर 54 से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही पर चोरी की 03 कार (01 थार कार, 01 क्रेटा कार, 01 ईको स्पोर्टस कार) व अभियुक्त नीरज के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर है, जोकि गाड़ियों के सर्विस सेन्टर के बाहर जाकर गार्ड रूम के आस-पास रैकी करके मौका मिलने पर चाबी चुरा लेते है तथा शोरूम के बाहर खडी गाड़ियों को चुरा लेते है। यह लोग चोरी की गाड़ियों के चैसिस नम्बर व इंजन नम्बर टेम्पर करके उक्त गाड़ियों को असम बॉर्डर के क्षेत्र के डीलरो से सम्पर्क कर मिजोरम व त्रिपुरा में बेच देते है। अभियुक्तों की निशादेही पर बरामद गाड़ी महिन्द्रा थार रजि0 नं0 यूपी16सीवी-1000 को इन दोनो ने मिलकर कोन्सेप्ट महिन्द्रा सेक्टर-59 नोएडा के बाहर से गार्ड रूम से चाबी चुराकर चोरी किया था, उक्त गाड़ी की चोरी के सम्बध में थाना सेक्टर-58 पर मु0अ0सं0-194/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है, जिसका थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा मात्र 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण किया गया है। इनसे बरामद गाड़ी ईको स्पोर्ट रजि नं0 डीएल12सीजी-3088 को दिल्ली से चोरी करना बताया गया है जिसका इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर को टैम्पर किया गया है। गाड़ी क्रेटा को इनके द्वारा दिनाक 07.01.2023 को दिल्ली से चोरी किया गया था, जिसके सम्बध में ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट पर एफआईआर नं0 0906/2023 पंजीकृत है। पूछताछ पर यह भी प्रकाश में आया है कि अभियुक्तगण द्वारा अब तक अन्तर्राज्यीय मार्केट में करीबन 60 गाडियां बेची जा चुकी है। इनके द्वारा की गयी अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. नीरज शर्मा पुत्र अमरपाल शर्मा निवासी ग्राम शक्तिफार्म टैगोर नगर, थाना सितारगंज, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड वर्तमान पता सेक्टर-19, नोएडा उम्र 49 वर्ष।

2. अजय सरकार पुत्र सुभाष सरकार निवासी ग्राम बालाकुटी, थाना बॉक्सिर हाट, जिला कोच बिहार, पश्चिम बंगाल उम्र 34 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

**A.अभियुक्त नीरज शर्मा--**

1. मु0अ0सं0-194/2026 धारा 303 (2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।
2. एफआईआर नं0 000906/2023 थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट, दिल्ली।
3. मु0अ0सं0 195/26 धारा 303(2), 317(2), 317(5), 318(2), 336(2), 341(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा।
1. 4 .मु0अ0सं0 168/15 धारा 379 भादवि थाना सी0आर0 पार्क, साउथ दिल्ली।
4. मु0अ0सं0 289/2009 धारा 379 भादवि थाना अशोक नगर, दिल्ली।
5. मु0अ0सं0 004032/2015 धारा 379, 411, 34 भादवि थाना गोविन्दपुरी, दिल्ली।
6. मु0अ0सं0 397/2007 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट थाना आनन्द विहार, दिल्ली।
7. मु0अ0सं0 33918/2016 धारा 379 भादवि थाना ई पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट, दिल्ली।
8. मु0अ0सं0 005054/2024 धारा 379, 411, 34 भादवि थाना ई पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट, दिल्ली।
9. डी0डी0 61बी/2015 धारा 41.1(डी) दंप्रसं0 थाना साकेत, दिल्ली।
10. मु0अ0सं0 948/2015 धारा 380, 411 भादवि थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली।
11. मु0अ0सं0 ई-032495/2021 धारा 379, 411 भादवि थाना हरिनगर, दिल्ली।
12. मु0अ0सं0 031163/2020 धारा 379, 411 भादवि थाना अशोक नगर, दिल्ली।
13. मु0अ0सं0 277/2015 धारा 379 भादवि थाना दाबरी, दिल्ली।
14. मु0अ0सं0 967/2014 धारा 379 भादवि थाना दाबरी, दिल्ली।
15. मु0अ0सं0 523/2007 धारा 379, 411 भादवि थाना ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली।
16. मु0अ0सं0 06189/2007 धारा 379, 411 भादवि थाना न्यू फ्रेंडस कॉलोनी, दिल्ली।
17. मु0अ0सं0 154/2008 धारा 379, 411 भादवि थाना शालीमार बाग, दिल्ली।

B.अभियुक्त अजय--

1. मु0अ0सं0-194/2026 धारा 303 (2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।
2. एफआईआर नं0 000906/2023 थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थैफ्ट, दिल्ली।
3. मु0अ0सं0 195/26 धारा 303(2), 317(2), 317(5), 318(2), 336(2), 341(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-58, नोएडा।
4. मु0अ0सं0 465/17 जीआर-1576/17 धारा 379, 411, 413, 414, 34 भादवि थाना बौंगगांव, पश्चिम बंगाल।

**बरामदगी का विवरण--**

1. गाड़ी ईको स्पोर्ट रजि नं0 डीएल12सीजी-3088 (दिल्ली से चोरी)

2. गाड़ी महिन्द्रा थार रजि0 नं0 यूपी16सीवी-1000 (सम्बन्धित मु0अ0सं0-194/2026 धारा 303(2) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा)
3. गाड़ी क्रेटा बिना नम्बर प्लेट (सम्बन्धित एफआईआर नं0 00906/2023 थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट, दिल्ली)
4. अभियुक्त नीरज के कब्जे से 01 अवैध तमचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर

## 2.थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा इन्वेस्टमेन्ट का लालच देकर धोखाधडी करने वाला 01 साइबर अपराधी गिरफ्तार।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 19/06/2026** को थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल से प्राप्त शिकायत, अभिसूचना संकलन एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर कार्यवाही करते हुए इन्वेस्टमेन्ट का लालच देकर धोखाधडी करने वाला 01 साइबर अपराधी रामाकृष्ण पेदगावेगी पुत्र रामा सत्यनारायण को ग्रेटर नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** अभियुक्त द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म FRND APP व अन्य डेटिंग साइटों के माध्यम से महिला बनकर लोगो से सम्पर्क किया जाता था तथा अपनी बातों में फंसाकर इन्वेस्टमेन्ट प्लेटफार्म पर ज्यादा लाभ कमाने का लालच देकर लोगों से एक ऐसे म्यूल बैक खाते मे पैसा जमा कराता था जिसमें अभियुक्त का मोबाइल नम्बर इंटरनेट बैंकिंग के लिए रजिस्टर्ड था।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. रामाकृष्ण पेदगावेगी पुत्र रामा सत्यनारायण निवासी आन्ध्र प्रदेश उम्र 37 वर्ष योग्यता- MBBS, MD

### पंजीकृत अभियोग का विवरण--

1. मु0अ0सं0 165 /2026 धारा 318(4), 319(2), 238(C) BNS व 66D IT थाना साइबर क्राइम, गौतमबुद्धनगर।

### बरामदगी का विवरण--

1. घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन

**3.थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा क्रिप्टो करेन्सी दिलाने के नाम पर झांसा देने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 11,49,500 रुपये नकद, 01 चैकबुक, 01 डेबिट कार्ड व 01 आधार कार्ड बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 19.06.2026** को थाना सेक्टर-20 पुलिस द्वारा लोकल इंटलिजेंस की सहायता से क्रिप्टो करेन्सी दिलाने के नाम पर झांसा देने वाले 02 अभियुक्त 1-उमेर खान पुत्र जाकिर खान 2-अनुराग पारासरी पुत्र पुष्पेन्द्र पारासरी को कैम्ब्रिज स्कूल सेक्टर-27 के पास सर्विस रोड़ से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से बरामद बैग में कुल 11,49,500 रूपये नकद, 01 चैकबुक (पीएनबी बैंक), 01 डेबिट कार्ड व 01 आधार कार्ड बरामद हुआ है। घटना में संलिप्त अभियुक्तगण के अन्य दो साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. उमेर खान पुत्र जाकिर खान निवासी सेक्टर-50, थाना सेक्टर-49, गौतमबुद्धनगर उम्र 22 वर्ष शिक्षा- स्नातक (बीबीए)।
2. अनुराग पारासरी पुत्र पुष्पेन्द्र पारासरी निवासी ग्राम मीरगंज, थाना मीरगंज, जनपद बरेली वर्तमान पता सेक्टर-128, थाना सेक्टर-126, नोएडा उम्र 22 वर्ष शिक्षा- स्नातक (बी.कॉम)।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 233/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-20, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरण--**

1. कुल 11,49,500 रूपये नकद
2. 01 चैकबुक (पीएनबी बैंक)
3. 01 डेबिट कार्ड
4. 01 आधार कार्ड